# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 277/2025

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 03.08.2025

**आजमगढ़ पुलिस द्वारा खोए हुए कुल 111 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 25 लाख रूपये ) किया गया बरामद; वर्ष 2024 से अब तक कुल 1963 (वर्ष 2025 में कुल 738) एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 03 करोड़ 60 लाख रूपये) बरामद कर स्वामियों को किये जा चुके है सुपुर्द।**

अवगत कराना है कि **हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़** के निर्देशन में जनपद आजमगढ़ में नागरिकों के गुमशुदा/खोये हुए मोबाइल फोन बरामद किये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सी0ई0आई0आर पोर्टल पर आनलाइन अपनी शिकायत दर्ज की जाती है, जिन्हे बरामद करने हेतु सीसीटीएनएस प्रभारी जनपद आजमगढ़ को निर्देशित किया गया था।

➡ जनपद में **माह फरवरी 2024** से गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें गुमशुदा मोबाइल धारकों द्वारा सी0ई0आई0आर पोर्टल पर आनलाइन अपनी शिकायत दर्ज की जाती है।

➡ आजमगढ़ पुलिस द्वारा माह फरवरी 2024 से माह जून 2025 तक कुल 1812 एण्ड्रायड मोबाइल फोन **(कीमत लगभग 03 करोड़ 35 लाख रूपयें)** बरामद कर मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किये जा चुके है। जिसके क्रम में-

➡ **माह जुलाई 2025** में आजमगढ़ पुलिस द्वारा जनपद में खोए हुए **कुल 111 एण्ड्रायड मोबाइल फोन** **(कीमत लगभग 25 लाख रूपये)** को सी0ई0आई0आर0 पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया हैं।

➡ आज दिनांक- 03.08.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन आजमगढ़ में बरामद एण्ड्रायड मोबाइल फोन को प्रत्येक स्वामियों को सुपुर्द किया गया हैं।

➡इस तरह विगत 17 माह में कुल 1963 एण्ड्रायड मोबाइल फोन (कीमत लगभग 03 करोड़ 60 लाख रूपये) को बरामद कर मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किया गया है।

















